# वाणिज्य में स्नातक (जनरल)
# बी. कॉम (जी.)

## चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

### बी. सी. ओ. सी. -136: आयकर विधान एवं व्यवहार

सत्रीय कार्य
**2024–25**

जाँच सत्रीय कार्य की अवधि - 1st जुलाई 2024 से 30th जून 2025

तृतीय सत्र

इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय
प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –**1100 68**

**वाणिज्य में स्नातक जनरल (बी. कॉम. जी.)**

चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

# बी. सी. ओ. सी. -136: आयकर विधान एवं व्यवहार

**सत्रीय कार्य 2024–25**

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस सत्रीय कार्य को तीन खंडों में विभाजित किया गया है । तीनों खंड अनिवार्य हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो दिसम्बर 2024 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे 15 अक्टूबर 2024 तक जमा करवायें।
2. वे छात्र जो जून 2025 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 मार्च 2025 तक जमा करवाना होगा।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **बी. सी. ओ. सी. -136** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **आयकर विधान एवं व्यवहार** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **बी.सी.ओ.सी.-136/टी. एम. ए./2024 - 25** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**खण्ड – क (सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक के हैं)**

**1.** रिटर्न दाखिले की ई फाईलिंग के प्रावधानों की चर्चा कीजिए। (10)

**2.** मकान किराया भत्ता संबंधित प्रावधानों को समझाइए। (10)

**3.** ऐसे कुछ आयों को समझायें जिसका कर उसी वर्ष चुकाया जाए जिस वर्ष अर्जित किया है। (10)

**4.** पुण्यार्थ तथा धार्मिक न्यास और राजनीतिक दलों को करमुक्त आय के प्रावधानों को समझाये। (10)

**5.** निम्नलिखित विवरणों से कर निर्धारण वर्ष 2023 – 24 के लिए श्री मानस की कुल आय की गणना कीजिए। (10)

| | मदें | रुपये |
|---|---|---|
| I) | वेतन | 180,000 |
| II) | भारतीय कंपनी से प्राप्त लाभांश | 10,000 |
| III) | हिंदु अविभाजित परिवार से लाभ का हिस्सा | 12,000 |
| IV) | सहकारी समिति से लाभांश | 6,000 |
| V) | मकान सम्पत्ति से किराया | 10,000 |

**खण्ड – ख (सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक के हैं)**

**6.** धारा 10 (10 A) के अंतर्गत पेंशन के प्रावधान को समझाये । (6)

**7.** ITR – I सहज (SAHAJ) फॉर्म क्या है ? (6)

**8.** अवयस्क की आय के मिलान संबंधी प्रावधान क्या है ? (6)

**9.** यदि कर्मचारी ग्रेच्युटी अधिनियम 1972 के अंतर्गत आते हैं तो धारा 10 (10) के अंतर्गत ग्रेच्युटी के प्रावधान की व्याख्या करें। (6)

**10.** श्री राम भारत में 25 वर्ष रहने के उपरांत 15, अप्रैल 2012 के यू. एस. ए. चले गए और भारत वापस मार्च 12, 2023 में आये। करनिर्धारण वर्ष 2023 -24 के लिए उनकी निवासीय स्थिति ज्ञात करें। (6)

## खण्ड – ग (सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक के हैं)

**11.** निम्नलिखित के संक्षिप्त उत्तर लिखिये : **(4x5)**

(क) अंशत: सम्मिलित कृषि एवं गैर कृषि आयों के प्रावधान बताये।

(ख) धारा 80 D के अंतर्गत कटौती को समझाये।

(ग) दोषपूर्ण रिटर्न को रिटर्न नहीं माना जाता है, समझाये।

(घ) धारा 16 (1) के अंतर्गत प्रमाणिक कटौती के प्रावधानों को बताये।